भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1588
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

भारतनेट परियोजना

1588. श्री खलीलुर रहमान:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार भारत नेट परियोजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में सभा को अवगत कराएगी;
(ख) अब तक जोड़े गए/जोड़े जाने के लिए शेष कुल ग्रामीण निकायों की संख्या कितनी है; और
(ग) सभी ग्राम पंचायतों को इंटरनेट और ब्रॉडबैंड से जोड़े जाने का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) देश में सभी 2.6 लाख ग्राम पंचायतों (जीपी) को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित की जा रही है। दिनांक 30.06.2024 तक 2,13,398 ग्राम पंचायतों (82.1%) को सेवा के लिए तैयार कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नेटवर्क को मजबूत करने और 2.6 लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (दिनांक 04.08.2023) को मंजूरी दी है। संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के अंतर्गत नेटवर्क के निर्माण की अवधि परियोजना का कार्य प्रदान किए जाने से तीन वर्ष की है।

***